# ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

**सत्र - 2024-25**

**कक्षा –आठ** **सत्र 1 पुनरावृत्ति पत्रक** **विषय : हिंदी**

## अपठित बोध

निम्नलिखित गदयांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

पक्षियों की दुनिया बहुत रोचक और विविधतापूर्ण है। कुछ पक्षी छोटे होते हैं, जैसे कि गौरैया और तोता, जबकि कुछ बड़े होते हैं, जैसे कि मोर और गरुड़। पक्षियों के पंख होते हैं जो उन्हें उड़ने में मदद करते हैं। पक्षियों की चोंच और पंजे उनके भोजन प्राप्त करने के तरीके पर निर्भर करते हैं। कुछ पक्षी कीड़े खाते हैं जबकि कुछ फल और बीज खाते हैं। पक्षियों के रहने के स्थान भी विभिन्न प्रकार के होते हैं। कुछ पक्षी जंगल में रहते हैं, कुछ पानी के पास, और कुछ इंसानों के आसपास। पक्षियों के घोंसले बनाने की कला भी अद्वितीय होती है। वे अपने घोंसलों को पत्तियों, तिनकों, और धागों से बनाते हैं। कुछ पक्षी अपने घोंसलों को ऊँचे पेड़ों पर बनाते हैं जबकि कुछ जमीन पर। पक्षियों की आवाज भी अलग-अलग होती है। कुछ पक्षी मीठे स्वर में गाते हैं जबकि कुछ तेज आवाज में। उनकी आवाजों का उपयोग वे अपनी जगह की पहचान करने और अन्य पक्षियों के साथ संवाद करने के लिए करते हैं।

**प्रश्न:**

1. निम्नलिखित में से कौन-सा पक्षी कीड़े खाता है?
   क). कबूतर
   ख) गौरैया
   ग) तोता
   घ) . मोर
2. पक्षी अपने घोंसले बनाने के लिए क्या उपयोग करते हैं?
   क). पत्थर और मिट्टी
   ख) पत्तियाँ , तिनके , और धागे
   ग) लकड़ी और लोहे
   घ) पानी और कंकड़
3. पक्षियों की आवाज का उपयोग किस लिए किया जाता है?
   क) अपने भोजन को ढूँढने के लिए
   ख) अपनी जगह की पहचान करने और अन्य पक्षियों के साथ संवाद करने के लिए
   ग) घोंसले बनाने के लिए
   घ) उड़ने के लिए

4.पक्षियों के रहने के स्थान अलग- अलग क्यों होते हैं ?

5.पक्षी , पेड़ के दो-दो पर्यायवाची लिखिए |

## व्याकरण

संज्ञा

1) ______ के बिना जीवन अधूरा है। (भाववाचक संज्ञा भरिए )
2) हमारे विद्यालय का ______ बहुत बड़ा है। (जातिवाचक संज्ञा भरिए )
3) ______ हमारे राष्ट्रपिता हैं। (व्यक्तिवाचक संज्ञा भरिए)
4) गंगा को हिंदुओं की ________ नदी माना जाता है। (भाववाचक संज्ञा भरिए)
5) जंगल में भेड़ियों का ______ था (समूहवाचक संज्ञा भरिए)

लिंग , वचन

निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए – लेखक , सम्राट , धनवान , याचक , युवक

निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए- मिठाई , लिपि , पक्षी , गुरु , चुहिया

कारक

रेखांकित कारक शब्द के भेद लिखिए |

1) <u>उसने</u> किताब खरीदी।
2) राम ने <u>सीता को</u> बुलाया।
3) <u>वे</u> स्कूल जाते हैं|
4) बच्चों ने <u>रेल में</u> सफर किया ।
5) <u>बगीचे में</u> फूल खिले हैं।

विशेषण , क्रिया

निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -

1. ________ सेना सड़कों पर मार्च करती हुई आगे बढ़ी।( गुणवाचक विशेषण भरिए |
2. ______ संतरे बहुत खट्टे होते हैं।(अनिश्चित परिमाण वाचक विशेषण भरिए |
3. तुम्हें इतना नहीं ______ चाहिए |( नामधातु क्रिया भरिए )
4. माली फूल तोड़ता है |( मालिक लगा कर प्रेरणार्थक क्रिया बनाइए )
5. उस घर में मेरे चाचा रहते हैं | ( सर्वनामिक विशेषण छँटिए )

संधि विच्छेद कीजिए –

युगांतर, परीक्षित , महेंद्र ,सदैव , पर्यटन , नायक

अव्यय

निम्नलिखित अविकारी शब्दों का प्रयोग कर वाक्य बनाइए –

नहीं तो , के बाद , की तरह , इधर-उधर , बाहर

Vii) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए –

क) कान कतरना
ख) चादर तान कर सोना

**साहित्य ( वसंत )**

viii) **लाख की चूड़ियाँ**

1. कहानी में लाख की चूड़ियों का क्या महत्त्व है?
2. कहानी के मुख्य पात्र कौन-कौन हैं और उनके व्यक्तित्व की विशेषताएँ क्या हैं?
3. कहानी के माध्यम से लेखक ने कौन-कौन से सामाजिक मुद्दों को उजागर किया है?
4. कहानी के अंत में क्या हुआ और इसका आपके अनुसार क्या अर्थ हो सकता है?
5. लाख की चूड़ियों की कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

**दीवानों की हस्ती**

1) कविता में 'दीवानों' का क्या अर्थ है और कवि ने इन्हें किस प्रकार से प्रस्तुत किया है?
2) कवि ने 'दीवानों' की तुलना किससे की है और इस तुलना का क्या अर्थ है?
3) कविता में व्यक्त भावनाओं और विचारों को आप अपने शब्दों में कैसे व्यक्त करेंगे?
4) कविता में 'हस्ती' शब्द का क्या प्रतीकात्मक अर्थ है और इसे किस प्रकार से इस्तेमाल किया गया है?
5) कवि ने 'दीवानों' की जीवन शैली को किस प्रकार से महिमा मंडित किया है और इसका क्या प्रभाव होता है?

**बस की यात्रा**

1) बस की यात्रा' के दौरान वर्णित दृश्य और माहौल का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
2) यात्रा के दौरान मुख्य पात्रों का व्यवहार और उनके अनुभव क्या थे?
3) बस की यात्रा' कहानी में सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं का किस प्रकार वर्णन किया गया है?
4) यात्रा के दौरान आने वाली चुनौतियाँ और उनसे निपटने के तरीकों का वर्णन कीजिए।
5) कहानी के माध्यम से लेखक ने किस संदेश को व्यक्त करने की कोशिश की है?

**भगवान के डाकिए**

1) कवि ने 'भगवान के डाकिए' किसे कहा है और यह शीर्षक क्यों चुना है?
2) कविता में डाकिए की भूमिका और कार्य का वर्णन कीजिए। यह भूमिका समाज में किस प्रकार की महत्त्वपूर्ण होती है?
3) कवि ने किस प्रकार से डाकियों को भगवान के दूत के रूप में प्रस्तुत किया है?
4) कविता में कवि ने किन-किन भावनाओं और विचारों को प्रकट किया है?
5) कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं और यह संदेश आपके विचार में कितना प्रासंगिक है?

**क्या निराश हुआ जाए**

1) लेखक का मन क्यों बैठा जाता है ?
2) किन तथ्यों के माध्यम से आप कह सकते हैं कि मानवीय मूल्य अभी भी शेष हैं ?
3) दोषों का पर्दाफ़ाश करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?
4) 'मेरे मन निराश होने की आवश्यकता नहीं है' लेखक के अंतिम वाक्य से क्या अभिप्राय है ?
5) जीवन के महान मूल्यों के प्रति आस्था क्यों हिलने लगी है ?

**यह सबसे कठिन समय नहीं**

1) हमें निराश क्यों नहीं होना चाहिए ?
2) अन्तरिक्ष की दुनिया कैसी है ?
3) इस कविता मे कवयित्री क्या संदेश देना चाहती हैं ?
4) कविता में किन सत्य उदाहरणों को प्रस्तुत किया गया है?
5) आपका सुबह से लेकर शाम तक कौन-कौन इंतज़ार करता है और क्यों ?

**कबीर की साखियाँ**

1) मीठी वाणी बोलने से सुनने वालों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?
2) कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है?
3) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं? पढ़े हुए दोहे के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
4) तलवार का महत्त्व होता है म्यान का नहीं'-उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।
5) आपके विचार में आपा और आत्मविश्वास में तथा आपा और उत्साह में क्या कोई अंतर हो सकता है? स्पष्ट करें।

**रचनात्मक लेखन**

- स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों के लिए एक संदेश 30 से 40 शब्दों में लिखिए |
- पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए नारा लगभग 20 से 30 शब्दों में लिखिए |
- छोटे भाई को स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए योगासन करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए |
- 'भारतीय संस्कृति' विषय पर 120 से 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |
- कक्षा में अनुशासन को लेकर दो अध्यापकों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए

.